आइआइएम में प्रधानाध्यापकों की ट्रेनिंग शुरू



रांची. आइआइएम रांची में झारखंड के 405 आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) के 80 प्रधानाध्यापकों के पहले बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ. मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आज की शिक्षा प्रणाली में टेक्नोलॉजी के उपयोग की भूमिका पर जोर दिया. आइआइएम के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आइआइएम रांची को विश्व स्तर पर उन्मुख और स्थानीय रूप से उत्तरदायी संस्थान बनाने का लक्ष्य है. प्रो श्रीवास्तव ने मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापकों का कौशल बढ़ाने के लिए सरकार व शिक्षा परियोजना के प्रयासों की सराहना की. परियोजना निदेशक किरण कुमार पासी के मुताबिक, राज्य भर के मॉडल स्कूलों से प्रधानाध्यापकों के पांच बैच होंगे. उन्हें तीन चरणों में नेतृत्व और क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया जायेगा. इस बाबत झारखंड शिक्षा परियोजना और आइआइएम रांची के बीच एमओयू किया गया. इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत प्रो अंकुर झा ने किया. प्रो टी साईं विजय ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

Prabhat Khabar, 28.01.2023, Pg. 13